पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
———————

# राज्यपाल ने राजभवन परम्परागत खेल प्रतियोगिता के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया

——————

## खेल सभी के व्यस्तम जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है

———————

## हम सभी को प्रतिदिन पूरे दिन में से खेल के लिए थोड़ा समय अवश्य निकालना चाहिए

———————

## हमें अपने सभी परम्परागत खेलों को बढ़ावा देना चाहिए— राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

————————

लखनऊः 12 अप्रैल, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से राजभवन में चल रही राजभवन परम्परागत खेल प्रतियोगिता—2023 का समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन राजभवन के छोटे लॉन में आयोजित किया गया, जिसमें राज्यपाल जी ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रमाण—पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर अपने सम्बोधन में राज्यपाल जी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि  खेल सभी के व्यस्तम जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए हम सभी को प्रतिदिन पूरे दिन में से खेल के लिए थोड़ा समय अवश्य निकालना चाहिए। क्योंकि इससे व्यक्ति मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रहता है।

राज्यपाल जी ने कहा कि हमें स्वस्थ्य रहने के लिए हमें अपने खानपान पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। उचित होगा कि हम अपने खानपान में मोटे अनाज का सेवन करें। यदि हमारा खानपान और दिनचर्या सुव्यवस्थित होगी और योग को अपने जीवन में शामिल करेंगे तो हम हमेशा स्वस्थ्य रहेंगे। उन्होंने खेल में प्रतिभाग करने वाले समस्त खिलााड़ियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि हमें अपने सभी परम्परागत खेलों को बढ़ावा देना चाहिए।

इस अवसर पर राज्यपाल जी के विशेषकार्याधिकारी शिक्षा श्री पंकज जानी ने बताया कि राजभवन खेल प्रतियोगिता में कुल 15 परम्परागत खेलों को शामिल किया गया, जिसमें कुल 1097 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 200 महिलायें शामिल थीं। उन्होंने बताया कि परम्परागत खेल प्रतियोगिता में शामिल विभिन्न खेलों में 54 खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसमें 16 महिलाएं और 38 पुरूष शामिल थे। परम्परागत खेल प्रतियोगिता पर प्रकाश डालते हुए विशेषकार्याधिकारी ने बताया कि परम्परागत खेल हमारी धरोहर है। हमारे धार्मिक ग्रन्थों में भी इनका उल्लेख मिलता है। आज लोग इन्हें भूलने लगे हैं। राज्यपाल जी की प्रेरणा से राजभवन प्रांगण में गत 3 वर्षों से इन परम्परागत खेलों का प्रशिक्षण देने के साथ–साथ प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हो रहा है। राज्यपाल जी की प्रेरणा से केवल राजभवन में ही नहीं अपितु प्रदेश के विश्वविद्यालयों में भी परम्परागत खेलों का आयोजन एवं प्रतियोगिताएं हो रही हैं और यह बेहद लोकप्रिय भी हुई हैं।

खेल प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक पदक जीतने वालों में शानू बरतवाल तथा रूमी ने सर्वाधिक पदक जीते। इस अवसर पर दोनों खिलाड़ियों ने टी0बी0 रोग ग्रसित मरीज के पोषण हेतु फल एवं पोषण सामग्री की टोकरी राज्यपाल जी को भेंट की, जिसे टी0बी0 रोग ग्रसित बालिका को राज्यपाल जी ने भेंट किया।

परम्परागत खेल प्रतियोगिता में 25 वर्षीय राघवेन्द्र प्रताप ने लम्बी कूद में 16.2 फिट की छलांग लगाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि 8 वर्षीय आलोक कुमार ने लम्बी कूद में 8.8 फिट की लम्बी छलांग लगाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी कड़ी में 45 वर्षीय अजय कुमार सिंह ने गोला फेक प्रतियोगिता में 42.3 फिट दूर गोला फेककर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर राज्यपाल की अपर मुख्य सचिव श्रीमती कल्पना अवस्थी, विशेष सचिव श्री बद्रीनाथ सिंह, विधि परामर्शी श्री प्रशान्त मिश्रा सहित राजभवन के समस्त अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं बच्चे उपस्थित थे।

————————

राजभवन/सम्पर्क सूत्र 9453005360

राजभवन परम्परागत खेल प्रतियोगिता
2022-23

2022-23

2022-23

2022-23

राजभवन